दिन– गुरुवार दिनांक– 20 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी मिली स्वीकृति।

02. सोलहवें वित्त आयोग की टीम बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर। राज्य की वित्तीय स्थिति और राजस्व में हिस्सेदारी समेत अन्य पहलुओं पर सरकार का पक्ष जानेगी।

03. राज्य सरकार ने कहा – बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में और सुधार करने के लिए दो सौ बासठ नए पावर सब–स्टेशन बनाये जायेंगे।

04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से शुरू हो रहा है सेपक टाकरा विश्व कप। बीस देशों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक हो रहे हैं शामिल।

---

केन्द्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना में छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर शून्य दशमलव एक–पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

–––बाईट–––

1500 करोड़ रूपिस की स्कीम है और एस पर दी स्कीम तो स्मॉल मर्चेंट्स के पेमेंट्स होंगे अप टू 2000 रूपिस उसमें कोई ट्रांजैक्शन की कोस्ट नहीं लगेगी और उनको इंसेंटिव दिया जाएगा और उसमें जो रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया की जो स्टैंडर्ड डेफिनिशंस है वह सारी की सारी एप्लीकेबल होगी।

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी स्वीकृति दी है। इसका कार्यान्वयन एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है।

–––बाईट–––

राष्ट्रीय गोकुल मिशन 3400 करोड़ का इसमें बेसिकली कैसे हम मिल्क प्रोडक्शन की प्रोडक्टिविटी बढ़ाएं उसके ऊपर काम किया गया है इसमें आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन और इन विट्रो फर्टिलाइजेशन इन दोनों पर काम करना है। इनसेमिनेशन के पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरे नेटवर्क को कैसे बढ़ाना उसपर बहुत बड़ा जोड़ दिया जाएगा जिससे कि किसानों को अपने गांव में ही या गांव के आसपास ही सबसे जितनी हो सके सुविधा मिल सके।

मंत्रिमंडल ने डेयरी विकास के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम को भी मंजूरी दी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहल डेयरी बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विस्तार पर केंद्रित है।

————————————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने वाणिज्य कर विभाग में चार सौ साठ नये पदों के सृजन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल ने राजगीर में पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए चौबीस करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। वहीं, राजगीर में ही रग्बी खेल प्रतियोगिता आयोजित करने पर चार करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी दी गयी है। मंत्रिमंडल ने जहानाबाद और भागलपुर में पेयजलापूर्ति योजना के लिए भी राशि आवंटन की स्वीकृति दी है। बैठक में कुल 38 प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की गयी।

————————————————————————

सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बारह सदस्यीय टीम तीन दिवसीय बिहार दौरे पर है। यह टीम राज्य की वित्तीय स्थिति और राजस्व में हिस्सेदारी समेत अन्य पहलुओं पर राज्य सरकार का पक्ष जानेगी। आज यह टीम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य सरकार के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। आयोग की टीम का राजनीतिक दलों और व्यापारिक संगठनों से भी विचार—विमर्श का कार्यक्रम है। कल यह टीम मधुबनी जायेगी और ग्रामीण स्तर पर किये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करेगी।

————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में और सुधार करने के लिए दो सौ बासठ नए पावर सब—स्टेशन बनाये जायेंगे। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने विधानसभा में विभागीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इकतालीस पावर सब—स्टेशन का काम जल्द ही पूरा हो जायेगा। वहीं, एक सौ सत्रह का निर्माण शुरू हो गया है और एक सौ चार मंजूरी की प्रक्रिया में है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान दस ग्रिड बनाने का निर्णय लिया गया। आने वाले वर्षों में बिहार में एक सौ पंचानवे ग्रिड हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली सेवाओं के आधुनिकीकरण पर आरडीएसएस के तहत सात हजार तीन सौ पांच करोड़ रूपये खर्च होंगे।

————————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि सहकारिता विभाग में एक हजार दो सौ चार पदों पर नियुक्ति होगी। श्री कुमार विधान परिषद में विभागीय बजट पर

सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को वेजफेड और कॉम्फेड के माध्यम से भी रोजगार दिया जायेगा। वहीं, एक ध्यानकर्षण के उत्तर में सहकारिता मंत्री ने कहा कि विधायकों और विधान पार्षदों को पटना में आवास निर्माण के लिए जमीन देने पर सरकार विचार करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सहमति लेकर इसकी व्यवस्था की जाएगी।

————————————————————————

प्रदेश में अब बहत्तर घंटे के अंदर किसी भी गांव का नक्शा मिल जाएगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने इसके लिए नई डोर स्टेप डिलीवरी सेवा शुरू की है। इसके लिए आवेदनकर्ता को dlrs.bihar.gov.in पर जाकर 'डोर स्टेप डिलिवरी ऑफ रेवेन्यू मैप' पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। आवेदनकर्ता को नक्शे के लिए एक सौ पचास रुपये प्रति शीट भुगतान करना होगा। इसके अलावा पोस्टल और पैकिंग चार्ज अलग से देना होगा।

————————————————————————

सेपक टाकरा विश्व कप दो हजार पच्चीस आज से पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपराह्न साढ़े तीन बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। टूर्नामेंट में भारत, जापान, ब्राजील, फ्रांस, इटली, मलेशिया और ईरान समेत बीस देशों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय सेपक टाकरा फेडरेशन याइसटैफ के सहयोग से बिहार पहली बार इस विश्वकप की मेजबानी कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता पच्चीस मार्च तक चलेगी।

———बाइट———

गौरतलब है कि सेपक टाकरा फुटबॉल, वॉलीबॉल और जिमनास्टिक का मिश्रण है। इसे किक वॉलीबॉल यानि पैरों से खेले जाने वाला वॉलीबॉल भी कहा जाता है। इसमें खिलाड़ी हाथों की जगह पैरों, घुटनों, छाती और सिर का इस्तेमाल कर गेंद को नेट के पार करते हैं।

————————————————————————

राजगीर स्थित बिहार खेल विश्वविद्यालय को एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, एआईयू की सदस्यता प्राप्त हो गयी है। सदस्यता मिलने से बिहार खेल विश्वविद्यालय के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मंचों और चर्चाओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

————————————————————————

राज्य के सरकारी विद्यालयों की तर्ज पर पटना विश्वविद्यालय और इसके अंगीभूत कॉलेजों में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की ऑनलाइन हाजिरी बनेगी। वहीं, इन संस्थानों के छात्र–छात्राओं की उपस्थित टैब आधारित बायोमेट्रिक सिस्टम से दर्ज की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि नई व्यवस्था से हाजिरी बनाने पर ही वेतन का भुगतान होगा।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई हिस्सों में आज सुबह हल्की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार औरंगाबाद, गया, जमुई, नालंदा, समस्तीपुर, वैशाली, खगड़िया, भागलपुर और मुंगेर समेत कई जिलों में बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की सम्भावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

———————————————————————

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज के विशेष भू–सर्वे कानूनगो विकास कुमार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने पांच हजार रुपए की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के डीएसपी सुजीत कुमार सागर ने बताया कि गिरफ्तार कानूनगो शिकायतकर्ता से जमीन के सर्वे के लिए रिश्वत ले रहा था।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के पिपरा थानाध्यक्ष अंबेश कुमार को निलंबित कर उन पर विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। निलंबित थानाध्यक्ष पर मोटरसाईकिल चोरी का केस सात दिन विलंब से दर्ज करने का आरोप है।

———————————————————————

समस्तीपुर के प्लस टू तिरहुत एकेडमी काशीपुर केंद्र पर शिक्षक काउंसिलिंग में सत्यापन के दौरान दो फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों का सीटेट उत्तीर्णता प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया था।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रीगा थाना क्षेत्र के रमनगरा पथ पर अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर दो लाख बीस हजार रूपये लूट लिए।

———————————————————————

पश्चिमी चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व के मदनपुर वनक्षेत्र के नन्हकार सरेह में गैंडा के हमले में महिला समेत दो लोग घायल हो गए।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नौकरी के बदले जमीन मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से दूसरे दिन ईडी ने की चार घंटे पूछताछ।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– सब्सिडी का लाभ सही अभ्यर्थियों को मिले।

प्रभात खबर लिखता है– सत्तरवां बीपीएससी पीटी, पूरी हुई सुनवाई फैसला सुरक्षित।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– ईडी ने दस साल में एक सौ तिरानवे नेताओं पर केस दर्ज किये। सजा सिर्फ दो को।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– महिला रॉबोट व्योम मित्र इसी साल अंतरिक्ष में।

आज अखबार लिखता है– बिहार में सस्ती हुई बिजली।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी मिली स्वीकृति।
02. सोलहवें वित्त आयोग की टीम बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर। राज्य की वित्तीय स्थिति और राजस्व में हिस्सेदारी समेत अन्य पहलुओं पर सरकार का पक्ष जानेगी।
03. राज्य सरकार ने कहा – बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में और सुधार करने के लिए दो सौ बासठ नए पावर सब–स्टेशन बनाये जायेंगे।
04. और, पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से शुरू हो रहा है सेपक टाकरा विश्व कप। बीस देशों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक हो रहे हैं शामिल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।